हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37.8 डिग्री
न्यूनतम 26.3 डिग्री


तिफरा फ्लाई ओवरब्रिज के नीचे लगाए गए पौधे सूख गए।



# ट्रेन है या सायकिल, 60 किलोमीटर का सफर तय करने में लगते हैं 7 घंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

60 किलोमीटर का सफर करने में बक्सर एक्सप्रेस को करीब 6 घंटे का समय लग रहा है, जिसकी वजह से यात्री भी हलाकान हो रहे हैं। ट्रेन से अधिक स्पीड सायकल की हो गई है, जिसमें 7 घंटे में 60 किलोमीटर से दो गुना यानि 120 और 140 किलोमीटर का सफर तय किया जा सकता है। इस तरह की स्थिति से यात्री परेशान हो रहे हैं और रेल अफसर परिचालन में सुधार किए जाने की बात कह रहे हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से चलने वाली कई ट्रेनें ऐसी हैं, जिसका परिचालन केवल एक रैक से किया जा रहा है। इसकी वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी प्रतिदिन की आदत बन चुकी है। इसके कारण परेशान ट्रेन में सफर करने वाले हजारों यात्री हो रहे हैं। एक ओर अमृतसर से बिलासपुर आने के बाद छत्तीसगढ़ की रैक को लोकल बनाकर दूसरे दिन सुबह गेवरारोड की ओर लोकल बनाकर रवाना किया जा रहा है। वहीं कोरबा से



## ट्रेनों की रफ्तार, रेलवे फिर भी कहती है परिचालन में किया गया है सुधार

बिलासपुर होकर इतवारी के बीच चलने वाली शिवनाथ और बिलासपुर से इतवारी के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के भी रैक एक ही हैं। यह ट्रेन भी कभी राइट टाइम स्टेशन तक नहीं पहुंच पाती है। इसी तरह का हाल अब बिलासपुर से बक्सर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस और बिलासपुर से एर्नाकुलम के बीच चलने वाली ट्रेन का भी हो गया है। 22843 नम्बर के साथ बिलासपुर चलने वाली एक्सप्रेस का विस्तार बक्सर स्टेशन तक कर दिया गया है। पूर्व में यह ट्रेन बिलासपुर से रवाना होने के बाद पटना जंक्शन स्टेशन में दूसरे दिन दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर पहुंचने के बजाय शाम 5 बजे के बाद पहुंच रही थी। ट्रेन का बक्सर स्टेशन तक विस्तार करने के बाद इस ट्रेन ने अपने ही रिकार्ड को पार कर दिया है। बिलासपुर से पटना विस्तारित बक्सर तक चलने वाली एक्सप्रेस जोनल स्टेशन से प्रति शुक्रवार की रात राइट टाइम 8.30 बजे रवाना कर दी जाती है, जो झारसुगुड़ा पहुंचने तक तीन घंटे, टाटा स्टेशन तक 9 घंटे और बक्सर स्टेशन तक पहुंचने में 10 घंटे का अधिक समय लगा देती है। इसी तरह का हाल ट्रेन की वापसी का भी रहता है। 22844 बक्सर से बिलासपुर एक्सप्रेस के संबंधित स्टेशन से छूटने का समय 4 घंटे बाद का रहता है, लेकिन यह ट्रेन 10 घंटे अधिक लेट रवाना की जाती है। इसके कारण ट्रेन रविवार के स्थान पर सोमवार की सुबह बिलासपुर स्टेशन तक पहुंचने के कारण यात्री हलाकान होते रहते हैं।

### दूसरे दिन रवाना हो रही है एर्नाकुलम

बिलासपुर से पटना विस्तारित बक्सर तक चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के रैक एक ही हैं। इस ट्रेन के बक्सर से बिलासपुर आने का समय रविवार की शाम 5 बजकर 20 मिनट का रहता है। बिलासपुर आने के बाद ट्रेन का मेंटनेंस व अन्य रखरखाव कर सोमवार की सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर स्टेशन से एर्नाकुलम के लिए रवाना किया जाना है। ट्रेन घंटो लेट यानि रविवार के स्थान पर सोमवार को आने के बाद सीधे कोचिंग डिपो के लिए रवाना की जाती है। इसके कारण बिलासपुर से एर्नाकुलम की ओर जाने वाली एक्सप्रेस सोमवार की सुबह के बजाय रात को रवाना होने के कारण यात्री अपनी पूरी नाराजगी स्टेशन में मौजूद रेल कर्मचारियों पर उतारते हैं।

### परिचालन में सुधार 11 फीसदी का

माल लदान और यात्री परिवहन में रेलवे बोर्ड से मिले टारगेट को हासिल करने के बाद जोनल और डिवीजनल की ओर से जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि पिछले वर्ष की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान यात्री परिचालन में 11 फीसदी से अधिक का सुधार कार्य कर लिया गया है। इस सुधार कार्य के होने के बावजूद बिलासपुर से हावड़ा और बिलासपुर से मुम्बई के साथ कटनी की ओर से आने-जाने वाली ट्रेनों की लेट लतीफी में कोई भी अंतर नहीं आया है।

शुक्रवार साप्ताहिक 22843 राइट टाइम 8.30 बजे शाम को सीकेपी 5.30 बजे और सुबह 11.30 बजे।

## खबर संक्षेप

### अब हवाई सुविधा के लिए तेज होगा आंदोलन

**बिलासपुर।** चकरभाठा स्थित बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के निर्माण को 6 साल बीत चुका है लेकिन पर्याप्त हवाई सुविधाएं अबतक नहीं मिल पा रही है। ऐसे में हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति द्वारा नाइट लैंडिंग, रनवे का विस्तार, नया टर्मिनल भवन निर्माण, 4सी श्रेणी में उन्नयन को लेकर बड़े आंदोलन की तैयारी कर रही है। छत्तीसगढ़ का क्षेत्रफल तमिलनाडु से भी अधिक बड़ा है लेकिन तमिलनाडु में 6 बड़े एयरपोर्ट बनाए गए है, जबकि राज्य में एक ही बड़ा एयरपोर्ट बनाया गया है। वहीं बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर में बोईंग व एयरबस विमान उतरने की सुविधा तक नहीं है। जन संगठनों के सहयोग से हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा आंदोजन जारी है, समिति महानगर तक सीधी हवाई सेवा की मांग कर चुकी है लेकिन दिल्ली और कोलकाता की फ्लाइट मौजूद है जबकि हैदराबाद, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद में के लिए फ्लाइट नहीं है। सीधी उड़ान के जगह दिल्ली और कोलकाता की फ्लाइट वाया होकर चल रही है। अब समिति आंदोलन को तेज करने की तैयारी कर रही है।

### हाइवा के आगे पीछे अलग नंबर, रोकने पर मारपीट

**बिलासपुर।** राखड़ लेकर जा रहे हाइवा के आगे पीछे अलग नम्बर होने से गाड़ी रोकने पर गाड़ी मालिक ने सुपरवाइजर के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, गतौरा निवासी विजय कुमार वस्त्रकार पिता राजू वस्त्रकार एनटीपीएस राखड़ डेम क्रमांक 2 में ट्रैफिक मार्शल में सुपरवाइजर हैं। 3 अप्रैल के सुबह 9.30 बजे वे ड्यूटी में थे। उसी समय हाइवा क्रमांक सीजी 13 एएक्स, 1914 राखड लोड कर आया, जिसे उन्होंने रोककर जांच की तो गाड़ी के पीछे दूसरा नम्बर सीजी 10 बीडब्ल्यू 9657 होने पर उन्होंने ड्राइवर से पूछताछ की, उसने गाड़ी मालिक देवी प्रसाद कुर्रे को फोन कर बताया। वह अपने साथियों के साथ आया और मेरे हाइवा को तुम रोकने वाले कौन होते हो कहकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर तीनों ने हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर देवी प्रसाद कुर्रे एवं उनके साथी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 1 हाइवा और 4 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई जारी है। अलग-अलग क्षेत्रों में की गई जांच के दौरान 5 वाहनों को जब्त किया गया है। उप संचालक खनिज साधन के मार्गदर्शन में जारी सतत कार्रवाई के क्रम में शुक्रवार को खनिज अमले ने कोटा, बेलगहना, कोनचरा, कंचनपुर, करही कच्छार, रतखंडी, रतनपुर, बिल्लिबंद, बरर एवं केंदा क्षेत्रों में व्यापक जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान कंचनपुर क्षेत्र में खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक हाइवा एवं दो ट्रैक्टर ट्रॉली वाहन जब्त किए गए। वहीं गतौरी क्षेत्र से एक ट्रैक्टर ट्रॉली तथा बिल्लिबंद क्षेत्र से एक ट्रैक्टर ट्रॉली वाहन को अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। इस प्रकार कुल पांच वाहनों को जब्त कर उन्हें पुलिस थाना रतनपुर, कोटा तथा पुलिस चौकी बेलगहना एवं केंदा की अभिरक्षा में रखा गया है।

## इमलीपारा रोड की गायब होने लगी ग्रीनरी





बिलासपुर। चौड़ीकरण के बाद इमलीपारा रोड के डिवाइडर पर लगाए गए पौधे पिछले कुछ सालों में बड़े हो गए हैं, इन पौधों के कारण इस पूरी सड़क पर हरियाली छाई रहती है। यहां लगाए गए पौधे लोगों को गर्मी से राहत भी दिला रहे हैं, परन्तु देखरेख के अभाव में अब इस सड़क की हरियाली पर ग्रहण लगने लगा है। पानी नहीं मिलने और दूसरे कारणों से रोड डिवाइडर पर लगाए गए कई पौधे सूखने लगे हैं। निगम के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यदि इन पौधों को बचाने का प्रयास नहीं किया गया तो यह सड़क हरियाली विहीन हो जाएगी।

# सप्लाई शार्ट होने के कारण नहीं मिल रहा एन्टी रैबीज टिटनेस का इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीजीएमएससी द्वारा दिए जाने वाले एंटी रैबीज और टिटनेस इंजेक्शन का स्टाक स्वास्थ्य केन्द्रों में नहीं पहुंच रहा है। हालत यह है कि जिला अस्पताल में भी स्टाक खत्म है। सप्लाई शार्ट होने के कारण समस्या बनी हुई है, लेकिन सीजीएमएससी के अधिकारियों का दावा है कि सोमवार से स्थिति में सुधार होगा। एंटी रैबीज इंजेक्शन अस्पतालों में पहुंचाई जाएगी।

जिला अस्पताल सहित शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों में रैबीज और टिटनेस का इंजेक्शन नहीं मिल रहा है, पिछले कई माह से छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन द्वारा एंटी रैबीज और टिटनेस इंजेक्शन की सप्लाई नहीं की जा रही है। रायपुर स्थित फार्मेसी स्टोर से ही इंजेक्शन नहीं दी जा रही है, जिससे जिले में शार्टज बनी हुई है। ऐसे में अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों की जेब ढीली हो रही है। मरीजों को स्वंय के रूपए खर्च कर मेडिकल स्टोर से इंजेक्शन लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि एंटी रैबिज की कुछ खेप संेदरी स्थित स्टोर में पहुंच गई है,जिससे जल्द ही रैबीज इंजेक्शन सोमवार से अस्पतालों में सप्लाई किया जाएगा लेकिन टिटनेस के इंजेक्शन के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

- जिला अस्पताल सहित स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाक खत्म।
- जहां लोकल पर्चेज वहां भी कमी।

### लोकल पर्चेज फिर भी स्टाक रहता है खत्म

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और जिला अस्पताल में जीवन दीप समिति द्वारा जीवन रक्षक दवाईयों की खरीदी की जाती है, जिसे लोकल पर्चेज कहा जाता है, लेकिन इसके बावजूद स्टॉक उपलब्ध नहीं होता है। अस्पताल के आसमान मौजूद मेडिकल दुकानों पर कई बार रैबीज और टिटनेस उपलब्ध नहीं होने पर मरीजों को भी चक्कर काटने पड़ते हैं। ऐसे में अस्पतालों में इन जीवन रक्षक इंजेक्शनों का स्टाक भरपूर रखने के लिए कड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

### की गई है डिमांड

सप्लाई में कमी होने के कारण स्टाक नहीं रहता है। एंटी रैबीज का इंजेक्शन आ चुका है, कुछ जगहों पर भेजा गया है, सोमवार को सभी जगहों पर पहुंच जाएगा। टिटनेस के लिए डिमांड भेज दी गई है, जैसे इंजेक्शन मिलेगी, हम सप्लाई करेंगे।

**- सुनीत सिंह**, प्रभारी सीजीएमएससी स्टोर


सिम्स के मेडिसिन ओपीडी में लगी मरीजों की कतार।

# 3 साल में 25 से अधिक खसरों की 100 एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध प्लाटिंग

## कॉलोनी के नाम पर नक्शे दिखाकर बेच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खमतराई के 25 से अधिक खसरों पर जमीन दलालों ने पिछले करीब 3 सालों से 100 एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर रखी है, लेकिन नगर निगम का ध्यान इस तरफ नहीं है। लगातार शिकायतों के बाद कुछ कार्रवाई जरूर होती है, लेकिन वह भी माथा देखकर चंदन लगाने जैसा है। निगम अधिकारियों पर इस दौरान वसूली के भी आरोप लगाते रहे हैं।

शहर के आसपास मोपका, चिल्हाटी, सिरगिट्टी, तोरवा, सकरी, मंगला, बैमा-नगोई, कोनी, रतनपुर रोड और उसलापुर जैसे क्षेत्रों में देखी जा रही है। यहां खुलेआम खेतों की बाड़ तोड़कर बिना किसी ले-आउट स्वीकृति के प्लॉट काटे जा रहे हैं। कॉलोनी के नाम पर नक्शे दिखाकर ग्राहकों को बेचा जा रहा है। कई मामलों में दलालों ने बाकायदा प्लॉट नंबरिंग कर सड़क व नाली का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपये वसूल लिए हैं।

- राजस्व विभाग ने निगम को पूरी रिपोर्ट सौंप दी इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर सवाल
- दलालों ने बाकायदा प्लॉट नंबरिंग कर सड़क व नाली का झांसा देकर लोगों से लाखों रुपए वसूले

### दलालों के फेर में फंस रहे किसान

यहीं नहीं दलालों के बहकावे में आकर कई किसान अपनी उपजाऊ जमीन खो रहे हैं और कानूनन फंस रहे हैं। अवैध प्लाटिंग के मामले में मोपका, चिल्हाटी, कोनी, बिरकोना, सकरी, खमतराई और बहतराई जैसे आउटर एरिया में भू माफिया सक्रिय हैं। ये लोग किसानों से उनकी जमीन का सौदा करने पहले अनुबंध करते हैं, फिर उसे छोटे छोटे भागों में विभक्त कर उसका विक्रय करते हैं। इससे जमीन दलाल बच जाते हैं और किसान और जमीन खरीदने वाले फंस जाते हैं। इसी कारण मौके पर किसी भी डेवलपर या भूमाफिया का स्पष्ट दस्तावेज नहीं मिल पा रहा है।



### ना निगम से अनुमति ना ही ले आउट पास

खमतराई की इन 25 से अधिक खसरा नंबरों की जमीन का बटांकन कर सैकड़ों छोटे प्लॉट बनाए गए हैं। खसरा नंबर 256/1 से 421/2 तक की जमीन को कई हिस्सों में बांटकर 8, 10, 12, 18, 24 और 32 भागों में विभाजित किया गया। अनुमान है कि इस क्षेत्र में 300 से अधिक प्लॉट तैयार किए गए थे। प्लॉट बेचने के लिए मौके पर सड़क, बाउंड्रीवाल और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण भी किया गया था, जबकि इसके लिए नगर निगम या टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई है। इस मामले में निगम और राजस्व विभाग दोनों पर आरोप लग रहे हैं।

### कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं

नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292-ग(2) के अंतर्गत भूमि को टुकड़ों में विभक्त कर विक्रय, निर्माण पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं। निगम एरिया में अवैध प्लाटिंग पर 3 से लेकर 7 साल की सजा तथा 1 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया जा रा है। खमतराई में कार्रवाई की गई है। कुछ और लोगों को भी नोटिस जारी किया गया है

**- प्रकाश कुमार सर्वे**
निगम आयुक्त

## आय में नहीं पड़ा फर्क, 315 करोड़ से अधिक राजस्व प्राप्त

# घटी जमीन रजिस्ट्री की संख्या, इस साल 4 हजार रजिस्ट्री कम हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंजीयन कार्यालय में जमीनों की रजिस्ट्री में कमी को देखते हुए पंजीयन विभाग में हडकंप मच गया है। वित्तीय वर्ष समाप्ति 31 मार्च तक की स्थिति में पिछले साल की तुलना में रजिस्ट्री दस्तावेजों की संख्या 4 हजार घट गई है। पिछले वर्ष अचल संपत्तियों की 31 हजार दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई थी, जबकि इस बार 27 हजार दस्तावेजों की रजिस्ट्री हो पाई है। रजिस्ट्री की संख्या घटने से पंजीयन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

इस बार चार हजार रजिस्ट्री की संख्या घट गई है, जिससे पंजीयन विभाग की भी चिंता बढ़ गई है। पंजीयन पंजीयन विभाग ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए राजस्व संग्रहण की दृष्टि से मार्च महिना में अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खुले रखने का निर्देश दिया था और शनिवार, रविवार अवकाश के दिन पंजीयन कार्यालय खुला रहा और रजिस्ट्री हुई है। इसके बाद भी पिछले साल से रजिस्ट्री कम हो गई है। इस बार वित्तीय वर्ष 31 मार्च तक की स्थिति में जमीनों की 27 हजार रजिस्ट्री हुई है, जबकि पिछले साल 31 हजार रजिस्ट्री हुई थी। इस तरह रजिस्ट्री दस्तावेजों की संख्या में 4 हजार की कमी आ गई है। इससे पंजीयन विभाग में भी हडकंप मचा हुआ है और पंजीयन विभाग कम दस्तावेजों की रजिस्ट्री के पीछे कारण तलाशने में लगी हुई है।



### गाइड लाइन व छोटे प्लाट की रजिस्ट्री पर रोक

शासन ने इस बार चालू वित्तीय वर्ष के बीच में ही अचल संपत्ति के बाजार मूल्य के संबंध में नई गाईड लाइन जारी कर दी थी। नई गाइड लाइन के चक्कर में नवंबर-दिसंबर माह में रजिस्ट्री थोड़ी कम हो गई थी और गाइड लाइन के बाद फरवरी माह से फिर रजिस्ट्री जोर पकड़ी। इसी तरह शासन द्वारा बीच में ही पांच डिशमिल से कम छोटे प्लाट कृषि भूमि की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई। छोटे प्लाट की रजिस्ट्री पर रोक लगने से शहर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में जो प्लाटिंग और रजिस्ट्री हो रही थी, वह रूक गई।

### आय में फर्क नहीं पड़ा है

इस बार रजिस्ट्री दस्तावेजों की संख्या जरूर घट गई है, किन्तु आय में कोई फर्क नहीं पड़ा है। पिछले साल की तरह ही पंजीयन से आय हुई है और अभी ट्रेजरी का आंकड़ा आना बाकी है। बीच में गाइड लाइन आने के इंतजार में एवं छोटे प्लाट की रजिस्ट्री से रोक चलते दस्तावेजों की संख्या कम हुई है।

**- राजीव स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

### लगभग 315 करोड़ की आय

अभी ट्रेजरी का आंकड़ा आना बाकी है फिर भी पंजीयन कार्यालय इस बार लगभग 315 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त किया है। इस साल तो विभाग ने राजस्व संग्रहण के दृष्टि से टारगेट भी नहीं दिया था।

पिछले साल पंजीयन विभाग की ओर से बिलासपुर जिला पंजीयन कार्यालय को 350 करोड़ राजस्व संग्रहण का टारगेट दिया गया था, जिसे बाद में अचानक बढ़ाकर 470 करोड़ कर दिया गया था। हालांकि पंजीयन कार्यालय ने इस टारगेट का पीछा करते हुए 265 करोड़ रुपए प्राप्त किया था।


बेलतरा का बेटा
संवार रहा बेलतरा
विकास के नये आयाम गढ़ता बेलतरा
"शिला पूजन"
ग्रा. पं. भरदैयाडीह
भदरापारा
ग्रा.पं. बेलतरा
बरभांठा
ग्रा. पं. बिटकुली (उ)
ग्रा.पं. लगरा
दिनांक : 05 अप्रैल 2026
समय : 11 बजे स्थान : ग्राम पंचायत भरदैयाडीह
समय : 12 बजे स्थान : भदरापारा, ग्राम पंचायत बेलतरा
समय : 01 बजे स्थान : बरभांठा, ग्राम पंचायत बिटकुली (उ)
समय : 03 बजे स्थान : ग्राम पंचायत लगरा
आप सभी सादर आमंत्रित हैं...
भरदैयाडीह से कलमीटार मार्ग लं. 3.00 किमी लागत-289.00 लाख
गोदईया कलमीटार मार्ग लंबाई 2. 45 किमी का निर्माण कार्य लागत-278.48 लाख
भदरापारा बरभांठा मार्ग लं. 2.70 किमी का निर्माण कार्य लागत-360.00 लाख
करमा बरभांठा सरगाढोड़ी मार्ग लं. 4.20 किमी का निर्माण कार्य लागत-478.86 लाख
सी.सी. रोड सह नाली निर्माण ग्राम लगरा (गौरवपथ निर्माण कार्य) लागत-50.00 लाख
कुल लागत -14 करोड़ 56 लाख 34 हजार
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता बेलतरा विधानसभा क्षेत्र
सुशांत शुक्ला
विधायक बेलतरा विधानसभा

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



गौरव

## किसान की बेटी बनी उप निरीक्षक गांव पहुंचने पर सम्मान



**बिलासपुर।** ग्राम बरदुला जिला सारंगढ़ निवासी रोहिणी सूरज चंद्रा की बेटी कविता चंद्रा के उप निरीक्षक बनने पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। पुलिस प्रशिक्षण उपरांत उनके गांव आगमन पर गांव के लोगों एवं परिवार के सदस्यों ने उनका माला और प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया एवं उसे गांव व परिवार का गौरव बताया। कविता का पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के पद पर वर्ष 2025 में चयन हुआ था। उनके द्वारा 1 वर्ष के पुलिस प्रशिक्षण की अवधि पूर्ण होने के बाद 30 मार्च को मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सभी प्रशिक्षितों के नामों को घोषित किया गया। चंद्रा विकास समिति बिलासपुर के महासचिव जीआर चंद्रा ने बताया कि कविता चंद्रा के पिता मूल रूप से मध्यम वर्ग के कृषक हैं। एक भाई दो बहनों में कविता सबसे बड़ी पुत्री है। उनके पिता कृषक होते हुए भी तीनों बच्चों को ग्रामीण शिक्षा के पश्चात बिलासपुर में किराए के मकान लेकर लगातार पढ़ाई करा रहे थे। इसी बीच उप निरीक्षक पद के लिए पुलिस विभाग द्वारा विज्ञापन जारी किया गया। जिसमें कविता चंद्रा का प्रथम प्रयास में ही चयन हो गया। इसका पूरा श्रेय कविता ने अपने माता-पिता, पति एवं पूरे परिवार को दिया है।

धर्म-क्षेत्र

## राजसदन अपार्टमेंट में किया गया 197वां सुंदरकांड पाठ



**बिलासपुर।** युगाब्द 5128 वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया को राजसदन अपार्टमेंट निवासी डॉ आरती गायकवाड़ के निवास पर उनके पति की प्रथम पुण्यतिथि पर 197वां सुंदरकांड पाठ किया गया। ललित अग्रवाल ने बताया कि सामान्यतः मैकाले की कुटिल शिक्षा पध्दति से शिक्षित जनसामान्य वास्तविक हिंदू संस्कृति, संस्कार, दीप प्रज्ज्वलन, ईश आराधना, भजन गायन को भूल गए हैं। उन्होंने समस्त जागरूक, धर्मनिष्ठ देशभक्तों, विशेष कर माताओं, बहनों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को संस्कार देने हेतु जाति भेद समाप्त कर गौत्र व्यवस्था का अनुकरण करते हुए कम से कम प्रतिदिन एक बार या सप्ताह में एक बार सामूहिक हनुमान चालीसा पढ़ने की आदतें अवश्य ही डालें। बच्चों को आदर्श के रूप में श्रीराम, श्री हनुमान व स्वतंत्रता संग्राम के वीर बनाएं। तभी वे एक आदर्श नागरिक बनेंगे तथा हमारा राष्ट्र अखंड रहेगा। शुभम विहार मानस मंडली के अध्यक्ष अखिलानंद पांडेय, ललित अग्रवाल, सत्यनारायण पांडेय, ईश्वर तिवारी, आरपी मिश्रा, प्रमोद अवस्थी, अखिलेश द्विवेदी, विनोद अवस्थी, भूपेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

रक्तदान

## युवाओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान मरीजों को उपलब्ध कराया जाएगा

**बिलासपुर।** विश्वाधारम जन कल्याण सेवा समिति बिलासपुर ने गंभीर बीमारियों एवं दुर्घटनाओं में जीवन व मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहे जरूरतमंद मरीजों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान किया।
समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत साहू ने अपना 30वां एवं सक्रिय सदस्य



जितेंद्र साहू ने अपना 32वां रक्तदान किया। समिति के अन्य समर्पित सदस्य राहुल, गौरीशंकर एवं भास्कर श्रीवास ने भी रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में सहभागिता निभाई। अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि यह पहल न केवल मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक बनी, बल्कि समाज को यह संदेश भी दिया कि सच्ची भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में भी निहित है। हनुमानजी कलयुग में साक्षात जीवंत हैं और उनकी सच्ची भक्ति तभी पूर्ण होती है जब हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारते हैं। सेवा, समर्पण और परोपकार ही बजरंगबली की सच्ची आराधना है। रक्तदान के माध्यम से किसी के जीवन को बचाना, भगवान की सेवा करने के समान है।

# मारवाड़ी महिलाओं ने दी घूमर नृत्य की प्रस्तुति





अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन ने विद्यानगर स्थित श्री निम्बार्क भवन में नववर्ष के स्वागत में घूमर नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें संस्था के सदस्यों ने पारंपरिक वेश में वाद्य यंत्रों की धुन के साथ घूमर नृत्य पेश किया। इससे पूरा माहौल जयपुरमय हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान अग्रसेन महराज की पूजा एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था की प्रदेश अध्यक्ष आशा अग्रवाल ने बताया कि घूमर नृत्य जयपुर राजस्थान का एक पारंपरिक और विश्व प्रसिद्ध लोकनृत्य है, जो मुख्यतः भील जनजाति द्वारा शुरू किया गया और बाद में राजपूत महिलाओं द्वारा अपनाया गया नृत्य है।

यह नृत्य गणगौर, तीज जैसे विशेष अवसरों और त्योहारों पर पारंपरिक घाघरा पहनकर और गोलाकार घूमते हुए किया



जाता है। यह राजस्थान की समृद्ध संस्कृति का प्रतीक है। यह नृत्य मूल रूप से भील जनजाति द्वारा देवी सरस्वती की आराधना के लिए विकसित किया गया था। जिसे बाद में राजस्थानी समुदायों द्वारा अपनाया गया। यह महिलाओं द्वारा किया जाने वाला एक सामूहिक नृत्य है। यह नृत्य न केवल राजस्थान, बल्कि पूरे भारत में अपनी सुंदरता और लालित्य के लिए जाना जाता है।

अंत में अभी हाल ही में एएस फन सिरगिट्टी में आयोजित गणगौर मेला कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं आने वाले साल में और भी भव्य रूप से करने का निर्णय लिया गया।

### गेम का लिया आनंद

घूमर नृत्य की प्रस्तुति के बाद हाऊजी, सरप्राइज, लकी गेम सहित अन्य मनोरंजक गेम खेला गया। इसके विजेताओं को इनाम देकर उनका सम्मान किया गया। समय पर आने वाले सदस्यों को पंचुअल्टी का इनाम दिया गया। इस मौके पर आशा, उषा अग्रवाल, अनिता, उषा सुल्तानिया, सरिता, मंजू, ममता, सुनीता, चंदा सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## पुनरूत्थान पर्व पर गिरजाघरों में होगी विशेष आराधना

चर्च ऑफ़ख्राईष्ट सीएमडी चौक स्थित चर्च में निर्वाचित प्राचीन समिति के सीनियर पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में पुनरूत्थान पर्व की आराधना रविवार 5 मार्च को सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी। आराधना का संचालन मुकेश पॉल करेंगी। अन्य गिरजाघरों में भी पुनरूत्थान पर्व पर विशेष आराधना होगी।

**बिलासपुर।** बाइबिल का पठन बोल्डी कुमार करेंगे। प्रार्थना की अगुवाई सुनीता डेनियल, रीना दास, मीनू सिंह, नार्मन हेनरी द्वारा की जाएगी। भेंट उठाने में अरविंद कुमार, जेरल डेनियल, सुनील मसीह और अशोक दास सहयोग करेंगे।

पास्टर श्री पॉल अपने प्रवचन में पुनरूत्थान पर्व के अर्थ को समझाते हुए बताएंगे कि परमेश्वर की महान योजना के तहत यीशु मसीह को मृतकों में से पुनः जीवित कर दिया। यीशु आज, कल और युगों-युगों तक जीवित और जिंदा खुदा हैं । यीशु ने हमें पाप मुक्त कर शाश्वत जीवन प्रदान किया है। जल संस्कार द्वारा 11 नव जवानों ने बपतिस्मा लेकर यीशु मसीह को ग्रहण किया।

इस तरह 47 दिनों से चली आ रही, उपवास कालीन मीटिंग, पाम संडे, दुखःभोग सप्ताह और यीशु के पुनर्जीवित होने का विजय पर्व पुनरुत्थान दिवस का रविवार को समापन हो जाएगा। आराधना पश्चात प्रेम भोज का आयोजन होगा। सभी कार्यक्रम में चर्च कमेटी, महिला सभा, जवान सभा एवं मेंस फैलोशिप का सहयोग रहेगा। 13 अप्रैल सोमवार से 18 अप्रैल शनिवार तक शाम 6 बजे से चर्च में ग्रीष्मकालीन बाइबिल कक्षाएं लगाई जाएगी।



बाइबिल का पठन कर सुनाए जाएंगे प्रभु का संदेश



## अरपापार भगवान परशुराम जन्मोत्सव के लिए ब्राह्मण समाज की अहम बैठक

**बिलासपुर।** महामाया चौक स्थित संस्कार भवन में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य रूप में मनाया जाएगा और अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।बैठक की अध्यक्षता पंडित हरिशंकर दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विनय पाठक, डॉ. राघवेंद्र दुबे और गणेश शास्त्री मौजूद रहे। मंच संचालन अमित तिवारी ने किया। बैठक में राजकिशोर नगर, सेंदरी, रेलवे परिक्षेत्र और सकरी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल



अक्षय तृतीया पर निकलेगी विशाल शोभायात्रा

हुए। सभा में यह तय किया गया कि शोभायात्रा में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, पारंपरिक वेशभूषा और धार्मिक ध्वज शामिल रहेंगे। समाज के लोगों ने शोभायात्रा को ऐतिहासिक और अनुशासित बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क और तैयारी करने पर जोर दिया। बैठक में सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

आज की बैठक में पंडित हरिशंकर दुबे पंडित गणेश शास्त्री पंडित विनय पाठक रविन्द्र मिश्रा अमित तिवारी सुधांशु मिश्रा गौरव तिवारी श्याम मोहन दुबे राजीव अवस्थी राजा अवस्थी ज्योतींद्र उपाध्याय प्रफुल्ल शर्मा रोशन अवस्थी क्रांति कुमार दुबे दुर्गेश पांडेय नवीन तिवारी अभिषेक शर्मा सूर्यमणि तिवारी आदित्य शर्मा चित्ररेखा तिवारी प्रतिभा शर्मा वंदना शर्मा सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## लोखंडी में महाआरती के बाद होगा सम्मान

कान्य कुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ की एक आवश्यक बैठक मंच के प्रदेश कार्यालय बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक में आयोजित की गई। इसमें भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।

मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि बिलासपुर में भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के 4 दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन तुर्काडीह रोड लोखंडी में भगवान श्री परशुराम की पूजा-अर्चना, महाआरती एवं प्रसाद



वितरण एवं पूरे छत्तीसगढ़ से विप्र समाज के प्रमुख पदाधिकारियो का सम्मान किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से अनूप पांडेय, राजेश पाण्डेय, आदित्य त्रिपाठी, बसंत बाजपेयी, मनोहर लाल मिश्र, दिनेश बाजपेयी, लक्ष्मीकांत दीक्षित, कमलेश मिश्र, शाश्वत शैकी तिवारी, अमित तिवारी, योगेश मिश्र, सुरेन्द्र तिवारी, सुदेश दुबे साथी उपस्थित रहे।

स्पोर्ट्स न्यूज

## मलखंभ में महिला टीम को मिला गोल्ड मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रथम खेलो इंडिया ट्रायबल गेम्स की मलखंभ प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रदेश की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल कर लिया है। प्रथम दिन छत्तीसगढ़ की पुरूष टीम 124.35 अंक के साथ विजेता बना था। खेल के दूसरे दिन महिला खिलाड़ियों ने मलखंभ का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत भर से आए सभी महिला खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ की झोली में डाल दिया है।

खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स में छत्तीसगढ़ की टीम 80.15 अंक के साथ प्रथम, महाराष्ट्र की टीम 69.90 अंक के साथ दूसरे स्थान पर, झारखंड की टीम 30.50 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में देशभर से 35 निर्णायक आए हैं। इनमें राहुल चौकसी, संगीता चौकसी गुजरात,डा.अजय झा झारखंड, सुजीत शरद शेडगे महाराष्ट्र, आशीष

प्रथम खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स





मेहता, मुन्ना मामडिया, अंतिम चतुर्वेदी, संजय पोपंडिया, राहुल बरोत मध्यप्रदेश, एन जयचन्द्रन केरला, रामचंद्रन मुरूगन तमिलनाडु, प्रमोद सिकोरिया, ब्रजेश द्विवेदी, केशव कुमार उत्तरप्रदेश, स्वदेश आचार्य असम, शशिबाला, संजय कुमार, लखन कुशवाहा, सूरज कुमार दिल्ली, दीपक कुमार, नसीब सिंह हरियाणा आदि हैं। खेल संचालनालय सरगुजा छत्तीसगढ़ के रामकुमार सिंह, विकास सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी प्रमेन्द्र सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी, आनंद धर दीवान, डॉ. प्रमोद यादव, आयुषी दीवान, राजेश प्रताप सिंह, कमल निकुंज, सौभिक दास गुप्ता, इसहाक तिर्की, उपेन्द्र पाण्डेय, संतोष सिह सहित खिलाड़ी उपस्थित थे।

### सिल्वर जोन ओलंपियाड में शिवोम को मिली 28 वीं रैंक

सिल्वरज़ोन फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिल्वरज़ोन ओलंपियाड ओपन प्रतियोगिता में नैला,



जांजगीर नगर निवासी अभियोजन अधिकारी सोनू अग्रवाल, पूजा अग्रवाल के पुत्र शिवोम अग्रवाल ने मैथमेटिक्स विषय में भाग लेकर 100 में 96.5 स्कोर अर्जित करते हुए स्टेट, जोनल में 28 वीं रैंक प्राप्त की है। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के क्लास सेकेंड के छात्र शिवोम को शैक्षणिक वर्ष 2025-26 हेतु स्कूल की ओर से भी मैथ्स जीनियस अवार्ड प्रदाय किया गया है।

### महिला अंडर-23 ट्रायल आज

क्रिकेट संघ बिलासपुर की वूमेंस अंडर 23 का ट्रायल 7 अप्रैल को और सीनियर ट्रॉयल 5 अप्रैल रविवार को सुबह 9 बजे आधारशीला विद्या मंदिर कोनी में आयोजित किया जाएगा। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेन्द्र सिंह ने बताया कि वूमेंस अंडर 23 का कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 तक रखा गया है। इसके लिए सभी महिला खिलाड़ियों को अपने सभी डॉक्यूमेंट जैसे अंतिम 6 वर्ष के मार्कशीट, पीवीसी आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है। इसके साथ ही सभी खिलाड़ी कलर वेशभूषा में उपस्थित होंगे। ट्रॉयल के पश्चात खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ स्टेट ट्रायल के लिए चयनित किया जाएगा।

## बिलासपुर पुलिस, जीपीएम एजुकेशन सारंगढ़ एजुकेशन क्वार्टर फाइनल में



डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में बिलासपुर पुलिस, जीपीएम एजुकेशन, सारगंढ़ एजुकेशन की टीम ने अपने-अपने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मिनी स्टेडियम गांधी चौक में बिलासपुर यूथ एंड वेलफेयर के तत्वाधान में आयोजित डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग उन्नति कप डीपीएल सीजन 4 के तीसरे दिन 4 मैच खेले गए। आयोजन समिति के अध्यक्ष अख्तर खान ने बताया कि पहला मैच मुंगेली पुलिस वर्सेस राजनांदगांव पुलिस के मध्य खेला गया, जिसमें राजनंदगांव पुलिस की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 68 रन बनाए, जिसके जवाब में उतरी मुंगेली पुलिस की टीम निर्धारित आठ ओवर में 45 रन बना सकी। मैच की विजेता टीम राजनांदगांव रही। दूसरा मैच सारंगढ़ एजुकेशन डिपार्मेंट और पथरिया पैंथर एस एजुकेशन डिपार्टमेंट के मध्य खेला गया, जिसमें सारंगढ़ की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पथरिया पैंथर्स की टीम निर्धारित 8 ओवर में 53 रन बना सकी, जिसके जवाब में उतरी सारंगढ़ की टीम ने 5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। सारंगढ़ ने मैच को 8 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच जीपी मिश्रा रहे। तीसरा मैच लायन एजुकेशन बिलासपुर और मेडिकल वॉरियर बिलासपुर के बीच खेला गया। मेडिकल वॉरियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 80 रन बनाए। जवाब में उतरी लायन एजुकेशन बिलासपुर की टीम 6 ओवरों में 40 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच सुधांशु भट्ट को डॉ.अजय सिंह और हेमंत परिहार के हाथों पुरस्कार प्रदान किया गया। आखिरी मैच सारंगढ़ एजुकेशन और कोरबा 11 एजुकेशन के मध्य खेला गया, जिसमें कोरबा एजुकेशन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाए। सारंगढ़ की टीम ने टारगेट को चेज करते हुए निर्धारित सात ओवर दो बाल में लक्ष्य हासिल कर लिया।

## खबर संक्षेप

### स्वीटी बनीं रतनपुर भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री

**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की ओर से स्वीटी शर्मा को रतनपुर मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया है। महिला एवं सामाजिक संगठनों में सक्रिय स्वीटी शर्मा भगवान बिरंचीनाथ मंदिर की अध्यक्षा के साथ ब्राह्मण समाज रतनपुर महिला प्रभाग के उपाध्यक्ष व हिंदू जागरण मंच की सह संयोजक हैं।



### सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन आज

**बेलतरा।** विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला के कर कमलों से भदरापारा से बरभाठा पहुंच मार्ग डामरीकरण व बरभाठा से जाली पहुंच मार्ग डामरीकरण का भूमिपूजन रविवार 5 अप्रैल सुबह 11.30 बजे को किया जाएगा।

### देवांगनपारा मंडल कांग्रेस की बैठक आज

**तखतपुर।** नगर कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 5 अप्रैल शाम 4.30 बजे पेट्रोल पंप के पास स्थित कांग्रेस कार्यालय में देवांगनपारा मंडल की विशेष बैठक आयोजित की गई है। बैठक में बूथ अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष एवं कमेटी चयन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। बैठक में सभी बूथ अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस व वरिष्ठ कांग्रेसियों से उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री एवं प्रभारी विमल अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

### दीप्ति को आयुर्वेद डॉक्टर की उपाधि

**बेलतरा।** बेलतरा क्षेत्र के ग्राम नेवसा से सेवानिवृत शिक्षक टीएल कश्यप की पोती दीप्ति कश्यप पिता राजेंद्र कश्यप ने बीएएमएस परीक्षा उत्तीर्ण कर आयुर्वेद डॉक्टर की उपलब्धि हासिल कर परिवार, गांव व समाज का नाम रोशन किया है। इनके बड़े भाई दीपक कुमार कश्यप वर्तमान में कोरबा में स्टेशन मास्टर पद पर पदस्थ हैं।

### बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए दीप्ति नागपुर रवाना

**लोरमी।** 7वीं राष्ट्रीय जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 5 से 11 अप्रैल 2026 तक तक नागपुर में आयोजित है। चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ राज्य टीम बालिका वर्ग में दीप्ति राजपूत का 66 से 70 किलो ग्राम वजन वर्ग में चयन हुआ है। गौरतलब हो कि, 21 से 23 मार्च 2026 तक जवाहर नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड भिलाई में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर बालिका चैंपियनशिप में दीप्ति ने स्वर्ण पदक जीता था। इस प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें प्रदेशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में मुंगेली जिला एम्योचोर बॉक्सिंग संघ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। दीप्ति विकासखंड खेल केंद्र लोरमी में बॉक्सिंग खेल का प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। दीप्ति बिलासपुर रेलवे स्टेशन से शिवनाथ एक्सप्रेस में छत्तीसगढ़ टीम खिलाड़ियों व ऑफिसियल के साथ रवाना हुईं।



### सकोला-कोटमी में संजीवनी 108 की मांग तेज

**पेंड्रा।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के सकोला-कोटमी क्षेत्र में संजीवनी 108 एंबुलेंस सेवा की सुविधा तहसील मुख्यालय से संचालित किए जाने की मांग ग्रामीणों ने उठाई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि, मातिन क्षेत्र से लगे इस विशाल आदिवासी अंचल में आए दिन आकस्मिक परिस्थितियां बनती रहती हैं, लेकिन जरूरत के समय संजीवनी 108 एंबुलेंस समय पर उपलब्ध नहीं हो पाती। ग्रामीणों के अनुसार, वर्तमान में एंबुलेंस को गौरेला या पेंड्रा से बुलाना पड़ता है, जिससे कई बार देर हो जाती है। इस देरी के कारण गंभीर रूप से घायल मरीजों को अस्पताल पहुंचने से पहले ही अपनी जान गंवानी पड़ती है।

## पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत कार्यक्रम

# विधायक धरमलाल ने कार्यकर्ताओं को दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने झूलेलाल मंगलम भवन तिफरा में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में बिल्हा एवं बरतोरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस मौके पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी, जिसमें सोशल मीडिया एवं आईटी, वैचारिक अधिष्ठान, संगठन का इतिहास एवं विकास, कार्य विस्तार की रणनीति, सरकार की उपलब्धियां, कार्य पद्धति एवं बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने एवं आगामी चुनावों में भाजपा को विजय दिलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

समापन सत्र में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक आगामी चुनाव में पार्टी की विजय का संकल्प लिया। अंत में आभार प्रदर्शन किया गया एवं वरिष्ठ भाजपा नेता स्व भुलाऊ प्रसाद कौशिक को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय, ग्रामीण जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल जी, महासमुंद के पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश वाजपेई, दीपक सिंह जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री सोमेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पेंगन वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही।

# सुशांत की पहल पर महर्षि उस्लापुर मार्ग का होगा कायाकल्प

**बेलतरा।** विधायक सुशांत शुक्ला की पहल पर बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत विकास के अनेकों कार्यों को स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत कार्यों में शहर की अत्यंत व्यस्त सड़कों का उन्नतिकरण, मोहल्लों में सीसी रोड, नाली निर्माण, देवस्थलों में मंच, बाउंड्रीवॉल के अतिरिक्त मुक्तिधाम के कायकल्प जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी गई है।

वहीं विधायक सुशांत ने ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को सकारात्मक दृष्टि देने व स्वास्थ्य के प्रति उन्मुख करने के लिहाज से उन्हें ओपन जिम की भी सौगात दी है। छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त स्वीकृति पत्र के अंतर्गत विकास कार्यों में जलभराव के संकट से जूझ रहे मंगला स्थित महर्षि स्कूल से उस्लापुर जाने वाली सड़क को विशेष रूप से ध्यान में रख गया है। लोक निर्माण विभाग से प्राप्त पत्र के माध्यम से इस सड़क के उन्नतिकरण, डामरीकरण कार्य को शामिल किया जाएगा। 313.25 लाख की राशि की मदद से 1.65 किमी लंबी सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया जाएग।



**निगम व पंचायतों में विभिन्न कार्यों को हरी झंडी-** राज्य शासन के राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग ने बेलतरा के निगम क्षेत्र व विभिन्न पंचायतों में 370 लाख रुपए के निर्माण कार्य को हरी झंडी दी है। वार्ड क्रमांक 47 में सीसी रोड एवं नाली निर्माण हेतु 34.15 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 48 में 170 मीटर निर्माण हेतु 14 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 49 में सीसी रोड निर्माण हेतु 35 .25 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 50 में सीसी रोड निर्माण 10.65 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 52 में सीसी रोड निर्माण 500 मीटर 8.00 लाख, वार्ड क्रमाक 56 सीसी रोड निर्माण 5 लाख, वार्ड क्रमांक 57 अशोक नगर सीसी रोड 4.94 लाख, वार्ड क्रमाक 51 में नाली निर्माण 10.40 लाख, वार्ड क्रमाक 51 नाली निर्माण 17.18 लाख, नाली निर्माण 10.46 लाख, वार्ड क्रमांक 52 ठाकुरदेव लीगियादिह मंच सेड बाउंड्रीवाल निर्माण 8.0 लाख, वार्ड 54 में मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण बाउंड्रीवाल निर्माण 6.10 लाख रुपए की स्वीकृर्ति मिली है।

# अटल ने संभागीय कार्यालय के लिए जताया सीएम का आभार

**बिलासपुर।** विधायक अटल श्रीवास्तव ने सकरी में संभागीय कार्यालय प्रारंभ करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री विष्णुदेव साय तथा तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह का आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि, इस कार्यालय के खुलने से तखतपुर, कोटा एवं बेलतरा के ग्रामीणों को प्रत्यक्ष फायदा मिलेगा। गौरतलब है कि, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने 23 फरवरी 2024 को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की थी कि, कोटा में संभागीय विद्युत कार्यालय की स्थापना किया जाए। विधायक ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया था कि, कोटा के 164 ग्राम जिसमें कोटा, बेलगहना, रतनपुर, चपोरा आदि प्रमुख हैं, इन सभी क्षेत्रों का नियंत्रणकर्ता संभागीय विद्युत कार्यालय जीपीएम जिले के पेंड्रा में स्थित है। करीबन 100 किमी की दूरी होने से ग्रामीणों को विद्युत समस्या को लेकर वहां पहुंचने में परेशानी होती थी, इसलिए कार्यालय कोटा या कोटा के पास स्थापित किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को लाभ मिल सके। विधायक अटल श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ शासन का आभार प्रकट किया कि, गामीणों की समस्याओं को देखते हुए 1 अप्रैल 2026 को सकरी में संभागीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया, जिससे कोटा के साथ तखपुर एवं बेलतरा के ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि, शासन और छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों से अपेक्षा है कि, स्टॉप एवं अधिकारियों की पूरी व्यवस्था जल्द से जल्द करें ताकि तत्काल ग्रामीणों को विद्युत समस्या से लाभ प्राप्त हो सके।

### नेशनल चैंपियनशिप के लिए 50 बॉल क्रिकेट ट्रायल 8 को

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए 50 बॉल क्रिकेट नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलने जा रहा है, इसके लिए चयन ट्रायल का आयोजन 8 अप्रैल को पेंड्रा में किया जाएगा। यह ट्रायल फिफ्टी बॉल्स क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सीनियर फेडरेशन कप अंडर-19 एवं अंडर-15 वर्ग के 50 बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 2026 के लिए होगा। यह चैंपियनशिप 27 से 31 मई तक भुवनेश्वर में आयोजित होगी। ट्रायल 8 अप्रैल को सुबह 8 बजे से रॉयल इंडियन क्रिकेट एकेडमी गढ़ी पेंड्रा में आयोजित किया जाएगा, इसमें अंडर-19 और अंडर-15 वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। खिलाड़ियों को अपनी क्रिकेट किट साथ लानी होगी और आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। ट्रायल निशुल्क रहेगा, लेकिन चयनित खिलाड़ियों को आगे की प्रतियोगिता का खर्च स्वयं उठाना होगा।

# 4.55 करोड़ की लागत से बनने वाले लाखासर-मोछ मार्ग का भूमिपूजन

**सकरी।** क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है, इसीलिए गांव गांव तक बेहतर सड़क पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है। यह सड़क न केवल दो गांवों को जोड़ेगी, बल्कि क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगी। इससे ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों में आसानी होगी। उक्त बातें ग्राम लाखासर से मोछ तक 4 करोड़ 55 लाख की लागत से बनने वाली सड़क के भूमिपूजन के अवसर पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही।

- सुगम आवागमन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : धर्मजीत



उन्होंने आगे कहा कि, मैंने अपने पूरे राजनैतिक जीवनकाल में विकासकार्यों में कभी भेदभाव नहीं किया। एक जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारा कर्तव्य होता है कि, बिना किसी पक्षपात के क्षेत्र के हर गांव, हर वर्ग और हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समान रूप से पहुंचे, यही मेरी प्रतिबद्धता रही है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय महिला समूह को श्रीमद्भागवत कथा आयोजन के लिए 10 हजार रूपए की नगद सहयोग राशि प्रदान की। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, क्षेत्रीय विधायक की मांग पर मुख्यमंत्री ने विगत 14 मार्च को आपके गांव में गौधाम योजना के शुभारंभ के अवसर पर लाखासर में मिनी स्टेडियम, गौरव पथ, महतारी सदन, प्रशिक्षण भवन, गौवंश के लिए एंबुलेंस देने की घोषणा की। आज आपको इस नई सड़क की सौगात मिलने जा रही है। हमारे विधायक ने ढाई साल के कार्यकाल में 5 अरब के विकास कार्य कराए, जो ऐतिहासिक है। जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने गड़रिया डीपरा में प्राथमिक शाला, गोड़पारा में मिडिल स्कूल, बहतराई महावीर घाट से लाखासर पहुंचमार्ग डामरीकरण कार्य की मांग विधायक धर्मजीत सिंह से की, जिस पर उन्होंने आने वाले सत्र में इसे पूरा कराने का आश्वासन दिया।पीडब्ल्यूडी एसडीओपी के सरकार ने कार्य योजना की जानकारी दी। आभार प्रदर्शन लाखासर सरपंच अलखराम निर्मलकर ने किया। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विशाल विक्की सिंह, मंडल अध्यक्ष द्वय रामकुमार निर्मलकर, नैनलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, अनिल पप्पू शर्मा, पूर्व सरपंच प्रमोद शर्मा, उप सरपंच अनिल राजपूत, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आनंद अवस्थी, डॉ प्रवीण तिवारी, जनपद सदस्य द्वय श्याम सिंह ध्रुव, अरुण चौहान, गुलजीत खुराना, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष द्वय यशवंत दुबे, दिनेश शर्मा, लच्छी श्रीवास, दशरथ पांडेय ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में सरपंच द्वय श्यामता कौशिक, प्रवीण कौशिक, मनीष तिवारी, कामता कुलमित्र, ब्रजेश निर्मलकर, अभिनव उपाध्याय, पंकज कौशिक, ब्रम्हानंद मिश्रा, सतीश सोनकर, राजकमल साहू, योगेश साहू, प्रशांत गुप्ता, जितेन्द्र सूर्यवंशी, रामफल निर्मलकर, जलेश्वर जोगी, मांशू तिवारी, सचिव महेंद्र कौशिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# कृषि केन्द्रों का निरीक्षण, तय मूल्य पर यूरिया बिक्री के निर्देश



**मुंगेली।** जिले में निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया बिक्री करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने कृषि केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय के निर्देशानुसार मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित उप संचालक कृषि और नायब तहसीलदार की संयुक्त टीम ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न निजी कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान सुपर एजेंसी, पंजाब एजेंसी, कैलाश ट्रेडर्स, शक्ति माई कृषि केंद्र सहित अन्य निजी उर्वरक केंद्रों की जांच की गई। संयुक्त टीम ने मौके पर उपस्थित किसानों से यूरिया की बिक्री दर, उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में विस्तृत पूछताछ की। साथ ही केंद्रों में पीओएस मशीन, स्टॉक रजिस्टर एवं बिक्री रसीदों की गहन जांच की जा गई, ताकि निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूली अथवा अनियमितता की पुष्टि की जा सके। निरीक्षण के दौरान सभी विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि, किसानों को केवल किसान पोर्टल में पंजीकृत रकबा के आधार पर शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही यूरिया उपलब्ध कराया जाए। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने किसानों से किसी भी केंद्र पर निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेने पर इसकी सूचना तत्काल संबंधित विभाग अथवा प्रशासन को देने की समझाइश दी, ताकि दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# ग्रामीणों को चिढ़ा रहे पंचायत भवनों में लटकते ताले

**सेतगंगा-मुंगेली।** जनपद पंचायत मुंगेली में सेतगंगा क्षेत्र अंतर्गत पंचायत भवनों में लटकते ताले आम ग्रामीणों को चिढ़ाते रहते है। पंचायत भवन बंद रहने से सरकारी योजनाएं कमरे में कैद है। ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी एवं उनका लाभ नहीं मिल पाने से असमंजस की स्थिती बनी हुई है।



- योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

प्रदेश की साय सरकार ग्रामीण तबके की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को पंचायत स्तर पर क्रियान्वित कर रही है, लेकिन इसका क्रियान्वयन करने वाले सचिव लापरवाही बरतने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत बीजातराई में देखने को मिल जाएगा, जहां पंचायत भवन में अधिकांश समय ताला लटका हुआ रहता है। सचिव सप्ताह में एक दिन पचायत भवन खोलकर अपने कार्यों को इतिश्री कर लेता है। ग्राम पंचायत के आस-पास में रहने वालों का कहना है कि, सप्ताह में एक दिन पंचायत भवन खुलते देखा जाता है, बाकी दिन अपने कार्यों के लिए सचिव के आने एवं पचायत भवन खुलने का इंतजार करते हैं। एक ओर जहां भाजपा के शासन काल में सचिव पंचायती राज की धज्जियां उड़ाते हुए शासन की योजनाओं को बेकार करने में जुटे हुए हैं, तो वहीं ग्राम पंचायतों में सचिव के रवैये के कारण ग्रामीण परेशान हैं।

सप्ताह में एक दिन खुलता है कार्यालय- ग्रामीणों ने बताया कि, पंचायत भवन के करीब में ही सौर ऊर्जा से संचालित पानी टंकी विगत दो माह पूर्व से खराब है। टंकी से पानी लिकेज हो रहा है, जिसके सुधार के लिए अनेकों बार जनप्रतिनिधि एवं सचिव को ध्यान आकृष्ट कराया जा चुका है, लेकिन फंड में राशि नहीं होने का हवाला देकर टालमटोल किया जा रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि, शासन की योजनाओं की जानकारी के लिए व जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जब पंचायत भवन पहुंचते हैं, तो सचिव सप्ताह में मात्र एक दिन ताला खोलकर ग्रामीणों से कुछ देर के लिए मुलाकात करता है एवं अन्य दिनों कार्यालयीन समय के दौरान पंचायत भवन में ताला लटकते आसानी से देखा जा सकता है। अधिकारियों का सचिव पर नियंत्रण नहीं- पंचायती राज को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए जितना सचिव जिम्मेदार है, उतना ही उन पर नियंत्रण करने के लिए अधिकारी भी जिम्मेदार होते हैं। सचिवों की लापरवाही देखने के बाद पता चलता है कि, अधिकारियों का सचिवों के ऊपर से नियंत्रण पूरी तरह हट चुका है, यही कारण है कि सचिव ग्राम पंचायत भवन को नियमित रूप से नहीं खोलते। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत मुंगेली के ग्राम पंचायत नागोपहरी, मौहार, केशलीकला, जल्ली, दुल्लापुर, तरवरपुर, हरियरपुर, दामापुर, छटन, शुक्लामाठा, सिपाही, सेमरकोना, भीमपुरी, लछनपुर, कारेसरा सहित अनेक ग्राम पंचायतों में यही आलम है।

# उपमुख्यमंत्री साव ने रागिनी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**लोरमी।** लोरमी नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सोहन डड़सेना की धर्मपत्नी रागिनी मंजू डड़सेना के आकस्मिक निधन पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव उनके निवास पहुंचे एवं दिवंगत आत्मा श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रीसाव ने इस दुखद व संवेदनशील समय में परिवारजनों से मुलाकात कर अपना संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इस विषम परिस्थिति में परिवारजनों को धैर्य, संबल एवं साहस प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि, इस दुख की घड़ी में हम उनके साथ हैं। इस अवसर पर पार्षद सोहन डडसेना के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### डॉ बंजारा ने बचाई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की जान



**मुंगेली।** सुरीघाट में हुई एक सड़क दुर्घटना में ग्राम देवरी निवासी 24 वर्षीय युवक त्रिलोक महिलांग गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में युवक के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं, जिसे मौके पर उपस्थित डॉ मनीष बंजारा ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया। तत्पश्चात घायल युवक को ऑटो में बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। गौरतलब है कि, हाल ही में सड़क सुरक्षा 2026 के अंतर्गत दुर्घटनाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ मनीष बंजारा को रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं परिवहन मंत्री केदार कश्यप द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक / / तह. / वा./ 2026
बिलासपुर, दिनांक 19/03/2026

ग्राम जूना बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 12 में से रकबा 59.13 ए. भूमि चौहद्दी उत्तर में अंजू उपाध्याय दक्षिण में रितेश एवं बुजेश पाण्डेय पूर्व में प्रहलाद शर्मा पश्चिम मेहत मार्ग गली है, आवेदन अनुसार आवेदक को पुश्तैनी से होने से आवेदन अनुसार आवेदक श्री केशव कुमार अग्रवाल पिता स्व. मनमोहन अग्रवाल निवासी किलावार्ड जूना बिलासपुर तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा कब्जा प्रमाण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 08/04/2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 08/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर छ.ग.

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र./ अ-6 अ/2025-26
ग्राम सकरी, तहसील सकरी

प्रति, दिनेश मुरारका पिता विजय मुरारका निवासी तेलीपारा बिलासपुर छ.ग.

आवेदक सुखलाल पिता बदलु निवासी सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम सकरी मन 01 प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 869/3 रकबा 0.009ए. (0.0360हे.) भूमि आवेदक सुखलाल पिता बदलू के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि आवेदक के स्वामीत्व व आधिपत्य की उक्त भूमि में वास्तविक रकबा 0.25ए. (0.101हे.) दर्ज न होकर त्रुटिपूर्ण रकबा 0.009ए. (0.0360हे.) दर्ज होने के कारण आवेदक को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः उक्त भूमि ख. न. 869/3 के वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज त्रुटिपूर्ण रकबा 0.009ए. (0.0360हे.) को दुरूस्त कर वास्तविक रकबा 0.25ए. (0.101हे.) दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में आपको आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 15/4/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 27/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

**ईश्तहारनामा**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री मती राधारानी पाण्डेय उम्र 75 वर्ष पति स्व. श्री कमल किशोर पाण्डेय जाति ब्राम्हण, निवासी जूनी लाईन बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495001 के नाम पर मौजा कुदुदंड प.ह.नं. 21/34 रा.नि.मं. एवं तहसील बिलासपुर विकासखण्ड बिल्हा, नगर पालिक निगम बिलासपुर सीमा क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड क्र. 17 नेहरू नगर बिलासपुर, मुंगेली रोड मुख्य मार्ग से 400 मीटर अंदर की ओर स्थित है। भूमि का खसरा क्रमांक 342/72 स्तार क्रमांक 08, डायव्हर्शन शीट नंबर 08 भूखण्ड क्रमांक 106/1, रकबा 0.0138 ए. हेक्टेयर 0.0138 क्षेत्रफल 1450 वर्गफीट 134.76 वर्गमीटर स्थिति भूमि हैं एवं सभी राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिसकी चौहद्दी नीचे दर्ज हैं।

1. पश्चिम में सुशीला पड़वार की भूमि का खसरा क्र.
2. दक्षिण में नामदेव की भूमि खसरा क्र.
3. उत्तर में सुमीत शर्मा की भूमि खसरा क्र.
4. पूर्व में आम रास्ता

उक्त भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया गया हैं एवं बयाना राशि दी जा चूकी हैं। निकट में रजिस्ट्री होना तय है उक्त भूमि के सम्बंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ बैंक, संस्था, शासकीय / अर्धशासकीय व निकाय या अन्य किसी को भी यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 (दस) दिवस के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता हैं तथा इसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य व शून्य मानी जायेगी।

बिलासपुर
दिनांकः 02/04/2026

भवदीय
श्रीमती ममता मिश्रा पति श्री एम.के. मिश्रा
पता- मंगला रोड, एसबीआई बैंक के पास
तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग)
मो.नं. 9424172236

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनाँक 24.03.2026

आवेदक श्री रोहन सिंह आत्मज श्री टी.एन. सिंह उम्र 31 वर्ष निवासी म.नं. 213 महाराणा प्रताप नगर तिफरा थाना सिरगिट्टी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी आर्या मिश्रा आत्मजा श्री विवेकानंद मिश्रा उम्र 27 वर्ष निवासी म.नं.ए-9, रामा लाईफ सिटी थाना व तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम- 1954 की धारा- 5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में दिनाँक 04.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


रोहन सिंह


कु.आर्या मिश्रा

विवाह अधिकारी,
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**आम सूचना**

मैं अपनी आसामिया श्रीमती अल्का तिवारी पति श्री अमित तिवारी एवं श्रीमती सभ्यता तिवारी निवासिनी सरजू बगीचा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की ओर से एतद् द्वारा अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय का यह आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे आसामीगण ने श्री गोरे लाल दुबे पिता स्व. चंद्रिका प्रसाद दुबे निवासी नेहरू नगर बिलासपुर से उनके हक आधिपत्य व स्वामित्व की ग्राम खम्हरिया प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. जरौंधा, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 550/1, रकबा 0.324 हे. भूमि जिसके उत्तर में मंगल कौशिक की भूमि, दक्षिण में केजू बरेठ का खेत, पूर्व में रामाधार का खेत तथा पश्चिम में खम्हरिया-बीजा मार्ग स्थित है को भूमि स्वामी श्री गोरे लाल दुबे से क्रय करने का सौदा तय किया जा रहा है जिसकी शीघ्र ही भूमि स्वामी/विक्रेता को प्रतिफल का रकम का भुगतान कर अपने पक्ष में विक्रय का पंजीयन (रजिस्ट्री) करायी जानी है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, सरकारी, गैर सरकारी निकाय या फिर किसी वितीय संस्था को कोई उजर व आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिनों के भीतर मेरे नीचे दिये गये पते पर मय दस्तावेज उपस्थित होकर सकते है। नियत समय अवधि के पश्चात प्राप्त दावा व आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और करारशुदा भूमि के विक्रय का पंजीयन मेरे आसामीगण के द्वारा विक्रेता से मिलकर संपन्न करा लिया जावेगा।

अतः सूचना जाने।

भवदीय
विवेक पाण्डेय (अधिवक्ता)
छ.ग. उच्च न्यायालय
मोबा. 9893680090

**आम सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि शुभम विहार कॉलोनी में शुभम विहार विकास समिति के नाम से एक समिति काफी समय से चल रही थी जो कि वर्तमान में शुभम विकास सेवा समिति में पूर्णतया विलय हो गई है यह एक रजिस्टर्ड समिति है जिसका विधिवत संचालन किया जा रहा है जिसके अध्यक्ष श्री राजकुमार यादव जी उपाध्यक्ष श्री मनोज कौशल जी, श्री नरेंद्र यादव जी सचिव श्रीमती श्वेता पांडे जी सहसचिव श्री सोमू पाठक जी कोषाध्यक्ष श्री मनीष अवस्थी जी, श्री निशांत गोस्वामी जी भवन प्रभारी श्री प्रियंक सोनी जी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सर्व श्री शलभ दीक्षित जी हैं

आप सभी को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि वर्तमान में शुभम विहार विकास समिति अस्तित्व में नहीं है यह पूर्ण रूप से समाप्त हो गई है इसके नाम से यदि कोई भी किसी भी प्रकार से राशि चंदा का मांग करता है या उन नाम उपयोग करता है तो वह पूर्णतः अवैधानिक माना जाएगा और समिति उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर सकती है आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। क्योंकि कुछ लोगों द्वारा भ्रमित किया जा रहा है अतः भ्रम में न रहें सचेत हो जावे।

वर्तमान में आपकी सेवा हेतु शुभम विकास सेवा समिति है जिसका पता शुभम विहार कॉलोनी मुंगेली रोड बिलासपुर है जो आपको निरंतर सेवा प्रदान करते रहेगी।

धन्यवाद

**भवदीय**
**राजकुमार यादव (राजू यादव)**
**अध्यक्ष शुभम विकास सेवा समिति**
**शुभम विहार कॉलोनी**
**बिलासपुर छ ग**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### बेलतरा में 14.56 करोड़ की 5 सड़कों का सुशांत करेंगे आज शिलान्यास



**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में 14.56 करोड़ के सड़क कार्यों की शुरूआत की जा रही है। रविवार 5 अप्रैल को शिला पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विधायक सुशांत शुक्ला की मौजूदगी में विभिन्न ग्राम पंचायतों में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ होगा। इस दौरान भरदैयाडीह से कलमीटार मार्ग (3 किमी, 289 लाख), गोदईया-कलमीटार मार्ग (2.45 किमी, 2 करोड़ 78 लाख), भदरापारा-बरभांठा मार्ग (2.70 किमी, 3 करोड़ 60 लाख), करमा-बरभांठा-सरगाढोड़ी मार्ग (4.20 किमी, 4 करोड़ 78 लाख) और लगरा में सीसी रोड-नाली निर्माण (50 लाख) के कार्यों की शुरूआत होगी।

### मराठा समाज के आजीवन सदस्यों की सूची प्रकाशित

**बिलासपुर।** समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया की जिला मराठा समाज बिलासपुर की वार्षिक एवं आजीवन सदस्यों की सूची प्रकाशित कर दी गई है। इसमें जिन किसी सदस्यों के नाम में त्रुटि हो वें नाम सुधार या दावा आपत्ति हेतु 2 से 6 अप्रैल तक तक शाम 7.30 से रात 9 बजे तक स्थान आई तुळजा भवानी मंदिर मे संपर्क कर सकते हैं। इसका निराकरण 7 अप्रैल को किया जाएगा। सदस्यों की सूची आई तुळजा भवानी परिसर में उपलब्ध है।

### नशे के लिए रेल केबल की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नशे का शौक पूरा करने के लिए रेलवे के केबल चोरी करने के बाद जमीन के अंदर छिपाने वाले आरोपी को आरपीएफ ने पकड़ा है, जिसके खिलाफ आरपीयूपी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है। आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक एसके मरावी और आरक्षक बी राय, एससी राजवाड़े रेलवे स्टेशन क्षेत्र यार्ड के बाईपास लाइन की ओर पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति को संदेहास्पद हालत में देखकर पकड़ा गया। पूछताछ और जांच में उसके पास रखी बोरी के अंदर रेलवे केबल का जला हुआ तांबा और हेक्सा ब्लैड पाया गया। आरोपी बन्नाक चौक सिरगिट्टी निवासी सुरेन्द्र केवट पिता विशंभर केंवट 20 साल ने पूछताछ में बताया कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है और नशा करने का शौकीन है। 5-6 दिन पहले वह रेलवे यार्ड की ओर आया तो देखा कि रेलवे के काले रंग के केबल को रेल कर्मचारी जमीन पर बिछा रहे हैं। इसमें कुछ केबल के टुकडे जमीन पर खुले हुए पड़े थे, जिसे लालच में केबल को जलाकर उसमें से निकले वाले तांबा को कबाड़ी को बेचकर नशा का शौक पूरा कर सकता था। यह सोचकर आरी ब्लैड लाकर जमीन पर पड़े केबल के टुकड़े को छिपाकर काटा और उसे रात में जलाकर छिपा दिया था। रेलवे कर्मचारियों के लगातार काम करने के कारण उसे निकालने का मौका नहीं मिल रहा था। जब मौका मिला तो वह जमीन पर छिपाए केबल और तांबा को बोरी में भरकर बेचने ले जा रहा था। आरपीएफ ने पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 3 (ए) आरपी यूपी एक्ट पंजीबद्ध किया है।

## निधन

### मंजू सिंह



**बिलासपुर।** गांधी चौक सिटी डिस्पेंसरी के पीछे ठाकुर देव मंदिर निवासी श्रीमती मंजू सिंह का 4 अप्रैल को निधन हो गया। वे 57 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. नरेश सिंह की पत्नी, स्व. अनीश सिंह व रिंकी सिंह की मां और उमेश सिंह ठाकुर की बहन थीं।

### तेजलक्ष्मी पिल्ले



**बिलासपुर।** अमेरी रोड , शांति नगर निवासी श्रीमती तेजलक्ष्मी पिल्ले का शनिवार 4 अप्रैल की सुबह निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 5 अप्रैल , रविवार को सुबह 10 बजे भारतीय नगर , मुक्तिधाम में किया जाएगा । वे भारती , वेणी , साधना, वंदना एवं विशु की माता थीं ।

### दुलारी ठाकुर



**बिलासपुर।** सरकंडा बंगालीपारा निवासी इंद्ररमन सिंह ठाकुर की पत्नी दुलारी ठाकुर का शनिवार 4 अप्रैल को निधन हो गया। वे 67 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे नीरज ठाकुर की मां थीं।

### सहोद्री देवी गुप्ता



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर बनियापारा निवासी श्रीमती सहोद्री देवी गुप्ता का 4 अप्रैल की सुबह निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मधुबन श्मशान घाट में किया गया। वे स्व. माधव प्रसाद गुप्ता की पत्नी, अजय , अश्विनी गुप्ता की ताई तथा श्रीमती प्रीति गुप्ता,हेमा गुप्ता, स्मिता गुप्ता ,मोनिका गुप्ता की माता थीं ।

### नवल किशोर साहू



**बिलासपुर।** कौड़िया बाड़ा तेलीपारा निवासी नवल किशोर साहू का शनिवार 4 अप्रैल को निधन हो गया। वे 60 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. बिसाहूलाल साहू के पुत्र, नंदकिशोर साहू के भाई, मयंक साहू के पिता व अक्षत साहू के चाचा थे।

### शांति मिश्रा



**बिलासपुर।** सीताराम मंदिर, गोंड़पारा निवासी शांति मिश्रा का 4 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अप्रैल की सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रमाकांत व शैलेंद्र मिश्रा की मां थीं। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

### मेघई बाई ध्रुव



**तखतपुर।** वार्ड क्र 6 निवासी मेघई बाई ध्रुव का 50 वर्ष की आयु में 4 अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शत्रुघ्न लाल ध्रुव की बहन, अजय ध्रुव व किशन ध्रुव की बुआ थीं।

## गर्मी से राहत पाने का प्रयास...





**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में लोगों की हालत खराब हो गई है। वहीं कानन पेण्डारी मीडियम जू में भी प्रबंधन ने शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के लिए स्प्रिंकलर के साथ विशेष कर मांसाहारी टाइगर, लॉयन के लिए कूलर की व्यवस्था की है। वहीं विशेषकर लायन और टाइगर के केज में किए गए गड्ढों में पानी भरा गया है, जिसमें दोपहर की भीषण गर्मी में टाइगर को राहत भी मिल रही है।

### शिविर में मुंबई से आए विशेषज्ञ सर्जनों के सहयोग से गंभीर मरीजों का उपचार

# सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के शिविर में की गई जटिल स्पाइन सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कोनी में जिला प्रशासन के सहयोग से 3 एवं 4 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय स्पाइन सर्जरी शिविर के अंतर्गत जटिल एवं अत्यंत गंभीर मामलों में सफल सर्जरी कर चिकित्सकों की टीम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस शिविर में मुम्बई से आए विशेषज्ञ स्पाइन सर्जनों के सहयोग से गंभीर मरीजों का उपचार किया गया।

शिविर के दूसरे दिन 3 मरीजों के अत्यंत क्रिटिकल एवं जटिल स्पाइन ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। विशेषज्ञों के अनुसार इन मरीजों की स्थिति काफी जटिल थी, जिनमें रीढ़ की हड्डी से संबंधित गंभीर विकृतियां एवं न्यूरोलॉजिकल समस्याएं शामिल थीं। आज प्रत्येक सर्जरी में लगभग 4से 5 घंटे का समय लगा। इसमें उच्च स्तरीय तकनीक, सटीक योजना एवं अनुभवी टीमवर्क की आवश्यकता रही । स्पाइन के टेढ़े मेढ़े ऑपेरशन के लिए न्यूरो मॉनीटिरिंग करने एक विशेष मशीन स्पाइन फाउंडेशन द्वारा लाया गया। डॉ.शेखर भोजराज ने बताया कि सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में काम करने की अपार संभावनाएं हैं और इसे न्यूरो सर्जरी का स्टेट ऑफ आर्ट सेन्टर बनाने के लिए जरूरी निर्देश चिकित्सा अधीक्षक को दी। सर्जरी से पूर्व सभी मरीजों की विस्तृत जांच सीटी स्कैन, एमआरआई एवं अन्य आवश्यक परीक्षण कर उनके अनुरूप उपचार योजना तैयार की गई। वहीं कुछ ऐसे मरीज भी सामने आए जिनमें सर्जरी जटिल संरचनात्मक कारणों के चलते संभव नहीं थी।

शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. बीपी सिंह ने बताया कि इस प्रकार के सुपरस्पेशलिटी स्पाइन सर्जरी कैम्प भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जानकारी दी कि अगला स्पाइन सर्जरी कैम्प लगभग 3 से 4 महीनों के अंतराल में नियमीत रूप से आयोजित करने की योजना है, जिससे प्रदेश के अधिक से अधिक मरीजों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मुम्बई से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से क्षेत्र के मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने शिविर में आए सभी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की तथा इस प्रकार की पहल को जनहित में अत्यंत उपयोगी बताया। इस कैम्प के माध्यम से यह महत्वपूर्ण संदेश भी दिया जा रहा है कि रीढ़ की हड्डी से संबंधित जन्मजात विकृतियां तथा दुर्घटनाओं के कारण उत्पन्न विकलांगता का आधुनिक चिकित्सा तकनीकों द्वारा सफल उपचार संभव है। समय पर जांच, सही परामर्श एवं विशेषज्ञों द्वारा सर्जरी के माध्यम से कई गंभीर मामलों में मरीजों को पुनः सामान्य जीवन की ओर लौटाया जा सकता है। अस्पताल में कार्यरत विशेषज्ञों एवं सिम्स के चिकित्सकीय टीम के समन्वय से यह अस्पताल अब प्रदेश में उन्नत स्पाइन उपचार का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। अस्पताल प्रशासन ने अपील की है कि यदि किसी को लंबे समय से कमर दर्द, हाथ-पैरों में कमजोरी, सुन्नता, चलने में कठिनाई या जन्मजात रीढ़ की समस्या है, तो सिम्स मेडिकल कॉलेज में प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को संचालित स्पाइन क्लिनिक में अवश्य परामर्श लें।

# बिलासपुर-रायपुर के बीच आज ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर के बिलासपुर से रायपुर के बीच आटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण रविवार 5 अप्रैल को बिलासपुर से रायपुर के बीच चलने वाली मेमू ट्रेनों के पहिए रोकने का आदेश दिया गया है।



रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन अंतर्गत तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर, नागपुर में आटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली कार्य किया जा रहा है, ताकि ट्रेन दुर्घटना में कमी लाई जा सके। इसके तहत रविवार 5 अप्रैल को रायपुर से उरकुरा और उरकुरा से मांढर सेक्शन में आटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य करने का निर्णय लिया गया है। इसकी वजह से बिलासपुर मंडल से चलने वाली गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें 5 अप्रैल रविवार को रायपुर से चलने वाली गाडी संख्या 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर से चलने वाली गाडी संख्या 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर, गेवरा रोड से चलने वाली गाडी संख्या 68733 गेवरा रोड - बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर से चलने वाली गाडी संख्या 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी तरह गोंदिया से चलने वाली गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा गोंदिया-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी। वहीं झारसुगुड़ा से चलने वाली गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-गोंदिया के मध्य रद्द की जाएगी।

### हटिया से एलटीटी के बीच 9 फेरे लगाएगी समर स्पेशल

**बिलासपुर।** ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफ़र्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हटिया से एलटीटी और एलटीटी से हटिया के मध्य 9-9 फेरों के लिए साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08609 हटिया-एलटीटी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन हटिया से 20 अप्रैल से 15 जून तक 9 फेरे के लिए प्रत्येक सोमवार को चलेगी और गाड़ी संख्या 08610 एलटीटी-हटिया साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन एलटीटी से 22 अप्रैल से 17 जून तक 9 फेरे के लिए प्रत्येक बुधवार को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। 08609 हटिया-एलटीटी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन हटिया से प्रत्येक सोमवार को 16.20 बजे रवाना होकर बिलासपुर देर रात 1.15 बजे होकर 00.40 बजे एलटीटी स्टेशन और गाड़ी संख्या 08610 एलटीटी-हटिया साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन एलटीटी से प्रत्येक बुधवार को 5 बजे रवाना होकर बिलासपुर सुबह 7.45 बजे होकर 18.00 बजे हटिया स्टेशन पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन में एक पावरकार, एक एसएलआरडी, चार जनरल, 6 स्लीपर, 7 एसी-थ्री, दो एसी-टू, एक एसी फ़र्स्ट कम टू सहित कुल 22 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# 12 वीं हिंदी का प्रश्नपत्र लीक, 10 अप्रैल को 23 हजार छात्रों को फिर से देनी होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

12वीं के हिंदी का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा को रद्द कर दिया है। अब यह परीक्षा 10 अप्रैल को होगी। उन विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गई है, जो व्यापमं द्वारा होने वाले प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने दूसरे शहर गए थे। वे अब लौटने लगे हैं। मंडल विद्यार्थियों को फिर से प्रवेश पत्र जारी करेगा। इसमें ढाई लाख परीक्षार्थियों को फिर से परीक्षा देनी होगी। जिले के भी 23 हजार के करीब परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे। इसके लिए 130 केन्द्र बनाए गए हैं।

इधर माशिमं का कहना है कि परीक्षा केंद्रों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यानी विद्यार्थी पहले जिन केंद्रों में परीक्षा दिए थे, वहीं फिर से परीक्षा देंगे। माशिमं के मुताबिक परीक्षा 10 अप्रैल की सुबह नौ बजे से शुरू होगी। परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले हिंदी के प्रश्न पत्र को केंद्रों में पहुंचाया जाएगा। परीक्षा के दो दिन पहले प्रश्न पत्र संबंधित थानों में सुरक्षित पहुंच जाएंगे। बता दें कि 14 मार्च को आयोजित हिंदी की परीक्षा के बाद 15 और 16 मार्च को सेट बी के प्रश्न पत्र लीक होने के दावे इंटरनेट मीडिया पर सामने आए थे। इन आरोपों के सामने आने के बाद माशिमं ने परीक्षा को रद्द कर दिया था

### अच्छे नंबर के लिए अभिभावकों को फर्जी फोन

इसके साथ ही माशिमं ने फर्जी फोन काल को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिनों बोर्ड परीक्षाओं की कापियों का मूल्यांकन कार्य जारी है। इसी बीच छात्रों और अभिभावकों को ठगों द्वारा निशाना बनाए जाने की आशंका जताई गई है। मंडल के अनुसार वर्ष 2024 और 2025 में कुछ छात्रों और उनके अभिभावकों को फर्जी फोन काल आए थे। इन काल्स में पैसे लेकर परीक्षा परिणाम सुधारने का प्रलोभन दिया गया था। मंडल ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा परिणाम से जुड़ी किसी भी प्रकार की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निर्धारित नियमों के तहत होती है। ऐसे में किसी भी काल या व्यक्ति के झांसे में न आएं।

### इस बार रिजल्ट में हो सकती है देरी

बोर्ड ने सलाह दी है कि यदि किसी भी प्रकार का संदिग्ध फोन काल आए या पैसे की मांग की जाए तो उस पर बिल्कुल भरोसा न करें और तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। इधर 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं की पहले चरण की जांच समाप्त हो चुकी है। अब दूसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। इस बार बोर्ड परीक्षा का परिणाम आने में देरी होगी। पहले मई के पहले सप्ताह में ही नतीजे घोषित कर दिए जाते थे।

### की जा रही है व्यवस्था

12वीं के हिंदी का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा को रद्द कर दिया है। अब यह परीक्षा 10 अप्रैल को होगी। इसकी व्यवस्था की जा रही है। छात्रों के परीक्षा केन्द्र नहीं बदले जाएंगे।

\- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

### ऊधमपुर तक नहीं जाएगी जम्मूतवी 29 मई तक

**बिलासपुर।** जम्मूतवी के ऊधमपुर तक नहीं जाने के कारण पिछले चार माह से यात्री काफी परेशान हो गए हैं। जोन के अनुसार उत्तर रेलवे की ओर से परिचालनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शॉर्ट ओरिजिनेशन एवं शॉर्ट टर्मिनेशन की अवधि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। 26 मई तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस जालंधर केंट स्टेशन में समाप्त होगी। 28 मई तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12550 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग जालंधर कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से जालंधर कैंट के मध्य रद्द रहेगी। 27 मई तक दुर्ग से चलने वाली गाड़ी संख्या 20847 दुर्ग-शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस, अंबाला कैंट स्टेशन में समाप्त होगी। 29 मई तक शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 20848 शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस अंबाला कैंट स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा शहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर से अंबाला कैंट के मध्य रद्द रहेगी।

# सिम्स में फायर सेफ्टी के लिए मॉकड्रिल

**बिलासपुर।।** सिम्स अस्पताल में शनिवार दोपहर करीब 1 बजे आग लगने की खबर से अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल परिसर में अचानक हलचल बढ़ गई और मरीजों व परिजनों में डर का माहौल बन गया। अस्पताल प्रबंधन ने कृत्रिम आग लगा कर फायर सेफ्टी के लिए कई गई कवायद का जायजा लिया।

गर्मी में शार्ट सर्किट और आगजनी की घटनाओं को देखते हुए के लिए सिम्स प्रबंधन ने आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को जांचा। शनिवार को आधा घंटे के भीतर आग पर पर काबू पाने का अभ्यास किया गया । आग बुझाने के दौरान एक सुरक्षाकर्मी का हाथ झुलस गया। ड्रील के दौरान एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी सिम्स चौक के पहले ही ट्रैफिक जाम में फंस गई। काफी देर तक वाहन आगे नहीं बढ़ सका, जिससे आपात स्थिति में राहत कार्य की गति पर सवाल खड़े हो गए। खास बात यह है कि इस दौरान सड़क पर यातायात पुलिस का कोई जवान मौजूद नहीं था, जिसके कारण जाम की स्थिति जबरदस्त रही। हालांकि सिम्स प्रबंधन के अनुसार महज 10 मिनट के अंदर स्थिति सामान्य कर दी गई। जिससे फायर फाइटर सिस्टम की उपयोगिता और समय प्रबंधन की सटिकता जांची गई है।

### क्षमता विकास एवं जागरूकता पर आधारित विशेष ईटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम

# सेवा समर्पण, सशक्तिकरण एनएसएस का लक्ष्य : डॉ.वाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए क्षमता विकास एवं जागरूकता पर आधारित विशेष ईटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ.नीता वाजपेयी रहीं। उन्होंने सेवा, समर्पण, सशक्तिकरण एवं नेतृत्व विषय पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि प्रभावी संवाद से समस्याओं का समाधान और सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.मनोज सिन्हा ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के सर्वांगीण विकास में कार्यक्रम अधिकारियों की भूमिका को सुदृढ़ करना तथा एनएसएस गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक यूनिसेफ, एनी रोस टोडर ने युवा जीवन में कौशल एवं तनाव प्रबंधन विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। द्वितीय तकनीकी सत्र में विशिष्ट अतिथि नुतेश्वर वर्मा, कार्यालय सहायक एनएसएस प्रकोष्ठ, रायपुर ने पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम विषय पर जानकारी दी। तृतीय तकनीकी सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.अनु भाई सोनी पूर्व प्राचार्य डीपी विप्र विधि महाविद्यालय ने पॉक्सो अधिनियम एवं मानव तस्करी विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। चतुर्थ तकनीकी सत्र में मुख्य अतिथि वेद नारायण सेन फायर इंस्पेक्टर ने बताया कि आपदा प्रबंधन के माध्यम से आकस्मिक प्राकृतिक या मानव-निर्मित संकटों बाढ़, भूकंप, आग के प्रभाव को कम करने, तैयारी करने, राहत पहुँचाने और पुनर्वास का कार्य सुनियोजित तरीके से किया जाता है।

# जैन इंटरनेशनल स्कूल ने डाक टिकट विमोचन के साथ 22 वां स्थापना दिवस मनाया






**बिलासपुर।** जैन इंटरनेशनल स्कूल ने 4 अप्रैल को अपना 22वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह व गरिमामय तरीके से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के आगमन से हुई, जिसके बाद ध्वजारोहण समारोह हुआ। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स की ओर से ध्वज को सलामी तथा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

स्कूल गीत की प्रस्तुति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जीवंत श्रृंखला भी इसमें शामिल रही। संस्थान की शानदार यात्रा और उपलब्धियों को पर्दे पर प्रदर्शित किया गया। उत्सव का एक महत्वपूर्ण आकर्षण एक स्मारक भारतीय डाक पोस्टल स्टैम्प का विमोचन था। डाक टिकट का विमोचन अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि है, एक निजी विद्यालय होने के नाते यह न केवल संस्थान व विद्यालय परिवार, बल्कि पूरे बिलासपुर के लिए भी गर्व का विषय है। विद्यालय की उप-प्राचार्य श्रीमती जयंती बनर्जी ने कहा कि सभी क्षेत्रों में विद्यालय का सर्वांगीण विकास करना व शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता अग्रवाल ने संबोधन में स्कूल की शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की व विद्यालय को शिखर तक ले जाने में अपने सहयोग व समर्पण भाव को प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने उनके दृष्टिकोण की उत्कृष्टता का समर्थन किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, केक काटकर व राष्ट्रगान के साथ हुआ।

खबर संक्षेप

## पकड़ा गया मोबाइल और पर्स चोर



**बिलासपुर।** आरपीएफ की टास्क टीम और जीआरपी ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर मोबाइल और पर्स चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को टास्क टीम के प्रधान आरक्षक रजनीश द्विवेदी, सत्यम सरकार, आरक्षक बैद्यनाथ तथा रेसुब पोस्ट के साथ स्टेशन पर गश्त व निगरानी के दौरान सुबह एक व्यक्ति को प्लेटफार्म नंबर 7-8 कटनी छोर की ओर संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पूछताछ में रामपुर भाटापारा कुम्हारी दुर्ग निवासी संजय प्रकाश भेंडारकार पिता प्रकाश भेंडारकार उम्र-27 वर्ष के पास मोबाइल एवं पर्स जब्त किया गया, जिसे उसने दो-तीन दिन पहले प्लेटफार्म नंबर 7-8 से एक सोए हुए यात्री के जेब से निकला था। टास्ट टीम ने आरोपी को पकड़कर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ धारा 35(1)(ड़), 303(2) के तहत कार्रवाई की है।

# चाकू तलवार लेकर आंतक मचाते 3 युवक, 2 संदिग्ध, 6 वारंटी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा पुलिस ने अड्डेबाजों के ठिकानो में दबिश देकर चाकू, तलवार रखकर आतंक मचाने वाले 3 बदमाशों, 2 संदिग्ध व 6 फरार वारंटियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

एसएसपी रजनेश सिंह ने चाकूबाजी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए थानेदारों को बदमाशों के अड्डों में दबिश देकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल, सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस गगन कुमार के नेतृत्व में तोरवा टीआई अभय सिंह बैस अलग अलग टीम बनाकर क्षेत्र में अड्डेबाजी करने वालों के ठिकानों में दबिश दी गई। पतासाजी के दौरान प्रधान आरक्षक निशार परवेज, सरफराज खान, अजय शर्मा ने तोरवा पेंडलवार गली में दबिश देकर संदिग्ध रूप से घूम रहे दो युवकों को पकड़ा, तलाशी लेने पर एक के पास तलवार, दूसरे के पास चाकू मिला। इसी तरह शंकरनगर तोरवा निवासी अश्विनी बेरिया अपने दोस्तों के साथ हेमूनगर में नाश्ता कर रहे थे। इसी दौरान एक



सिरफिरा बदमाश उन्हें जबरन धक्का देते हुए जा रहा था। अश्वनी ने उसे देखकर चलने की बात कही तो गाली गलौज कर चला गया। कुछ देर बाद वह अपने दो दोस्तों के साथ चाकू, बेसबाल, स्टीक से लैस होकर अश्विनी बेरिया को खोज रहे थे। इसी दौरान अड्डों की जांच करने गई पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। उसके पास चाकू मिला। वहीं उसके दो अन्य साथी भाग गए।

इसी तरह पुलिस संदिग्ध रूप से अड्डा में संदिग्ध रूप से मिले दो बदमाशों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने जांच के दौरान लंबे समय से फरार 6 वारंटियों को पकड़ा है।

### युवक को चाकू लेकर मारने दौड़ाया

तारबाहर पुलिस के अनुसार, कश्यप कालोनी निवासी सुजीत पाण्डेय पिता अजय पाण्डेय 26 साल 2 अप्रैल को पुराना बस स्टैण्ड गए थे। पुरानी रंजिश में पुराना बस स्टैण्ड निवासी अनुराग कश्यप पिता स्व. मोहन कश्यप 21 साल ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चाकू लेकर दौड़ाया, पीड़ित युवक भागकर अपने घर चला गया तो हमलवार उसके घर जाकर लात से दरवाजे को मारने लगा। उसके बाद हथौड़ी से उनकी बुलेट में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने आरोपी अनुराग कश्यप को गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू, हथौड़ी जब्त किया गया है।

### पकड़े गए चाकूबाज

- हर्ष कुकरेजा पिता संजय कुकरेजा 20 साल सांई भूमि कालोनी गुरूनानक चौक
- राकेश ध्रुव पिता भगत ध्रुव 33 साल वालिया गली तोरवा
- सागर सिंह पिता लालू सिंह 20 साल गणेशनगर नयापारा

इन पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

- दुना भास्कर पिता लक्ष्मीनारायण 21 साल बुधवारी बाजार
- दीपक बजाज पिता राजेश बजाज 22 साल तोरवाबस्ती

पकड़े गए वारंटी

- चेतन नाग पिता गोविंदा नाग 24 साल देवरीखुर्द
- रोहित ध्रुव पिता संतोष ध्रुव 22 साल देवरीखुर्द
- अभिषेक जाना उर्फ कलुवा पिता सुनील जाना 25 साल लालखदान
- अमित कुमार बघेल पिता स्व. ओझा दास बघेल 28 साल लालखदान
- आलोक तांडी पिता जग्गनाथ टांडी 32 साल देवरीखुर्द
- चंद्रप्रकाश कोल उर्फ गुंडा पिता जोहन जाज कोल 32 साल देवरीखुर्द

## बीच बचाव करने गए युवक से मारपीट कर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दो युवकों के बीच विवाद होते देख एक युवक बीच बचाव करने गया तो हमलावर ने चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, कतियापारा निवासी नोमेश भार्गव पिता विनोद भार्गव 3 अप्रैल की रात 10 बजे गांधी चौक मिनी स्टेडियम के सामने गए थे। इसी दौरान राकी भाई व यश कुमार के बीच लड़ाई झगड़ा हो रहा था। वे बीच बचाव करने गए तो राकी भोई आक्राशित होकर तू बीच में आने वाला कौन होता है कहकर गाली गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। उनके दाहिने हाथ, पैर में चोट आई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।







# स्मार्ट रोड में जुआ खेलते 9 रसूखदार जुआरी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने शहर के मिट्टीतेल गली स्मार्ट रोड स्थित एक ऑफिस में दबिश देकर 9 रसूखदार जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपियों के पास से 84 हजार 400 रुपए नकद, 13 मोबाइल और 4 वाहन जब्त किए गए हैं। जब्त वाहनों में बीएमडब्ल्यू, महिंद्रा थार सहित अन्य कीमती गाड़ियां हैं।

- बीएमडब्ल्यू-थार समेत 84 हजार नकद, 13 मोबाइल और 4 वाहन जब्त

पुलिस को सूचना मिली थी कि मिट्टी तेल गली स्मार्ट रोड स्थित एक ऑफिस में लंबे समय से जुआ संचालित हो रहा है, यह भी पता चला कि यहां रसूखदार जुआरी महंगी गाड़ियों में जुआ खेलने के लिए आते हैं। शनिवार की रात यहां फिर से जुआरियों के एकत्रित होने की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम ने मौके पर छापा मारा, यहां आरोपी जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़े गए। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 84 हजार 400 रुपए, 13 मोबाइल और 4 चारपहिया वाहन जब्त किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 45.84 लाख आंकी गई है। जब्त वाहनों में क्रेटा, ग्लैंजा, बीएमडब्ल्यू एक्स1 और थार जैसी गाड़ियां शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार अधिकांश गिरफ्तार आरोपी कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं।

### गिरफ्तार जुआरी

चंद्र प्रकाश पाण्डेय 43 साल निवासी सरकंडा, सागर मंगेशकर 30 साल निवासी मंगला, नितेश चंद शर्मा 45 साल आसमा सिटी फेज-2, दुर्गेश सारथी 32 साल निवासी जरहाभाठा, अखिलेश त्रिवेदी 52 साल निवासी नेहरू नगर, अमन धर 28 साल निवासी डबरीपारा, आशीष खूंटे 27 साल निवासी कस्तूरबा नगर, रोशन सोनी 31 साल निवासी उसलापुर सृजन शर्मा 27 साल निवासी सिटी मॉल के पास।







